न्यूज ब्रीफ

### सीएमओ ने 30 टीबी मरीजों को बांटी पुष्टाहार किट

**बिथरी चैनपुर, अमृत विचार** :टीबी मुक्त अभियान के तहत बिथरी चैनपुर सीएचसी पर सीएमओ ने 30 टीबी मरीजों को पुष्टाहार किट वितरित कीं। ।जिसके बाद सीएमओ ने उपस्थिति रजिस्टर और लेबर रूम का निरीक्षण किया। सीएमओ डा. विश्राम सिंह कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे। उन्होंने ने स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे 30 टीबी रोगियों को पुष्टाहार किट वितरण की। इस दौरान प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ उत्तरा शर्मा,एआरओ धीरेंद्र सिंह,सचिन प्रताप,शिवम सिंह,रमेश मणि त्रिपाठी,सर्वेश कुमार,शिवानी,शिप्रा वर्मा, रूबी पटेल समेत अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

### स्मैक के साथ अलीगंज का युवक गिरफ्तार

**बहेड़ी,अमृत विचार** :पुलिस ने स्मैक के साथ एक 20 वर्षीय युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक शहर के दक्षिणी छोर पर पुलिस टीम ने एक युवक को संदिग्ध हालत में पकड़ा। तलाशी में उसके पास 164 ग्राम स्मैक बरामद हुई। युवक ने अपना नाम विकास पुत्र लाला राम बताया। पुलिस के अनुसार युवक ने स्मैक बेचने का काम करने की बात स्वीकार की।

### प्रेम विवाह से नाराज परिवार ने की मारपीट

बिशारतगंज अमृत विचार : वार्ड नंबर 6 की रहने वाली करिश्मा ने संपूर्ण समाधान दिवस आंवला में की शिकायत में बताया है कि उसने 4 वर्ष पूर्व प्रेम विवाह किया था उसके दो बच्चे भी हैं करिश्मा के प्रेम विवाह से उसके माता-पिता व भाई राजी है जबकि परिवार के अन्य लोग तरह-तरह की धमकियां देते हैं ।

# कई अफसर हटाए, निलंबन से वेतन कटौती तक सख्ती

## मीरगंज में तीन इंजीनियर,सीओ अनुपस्थित मांगा स्पष्टीकरण, डीएम ने एसडीएम फरीदपुर को हटाया, आरआई निलंबित

संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** : जिले में शनिवार को आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान प्रशासन ने लापरवाही पर कड़ा रुख अपनाते हुए कई बड़ी कार्रवाइयां कीं। औचक निरीक्षण में अधिकारियों की गैरहाजिरी उजागर होने पर जहां स्पष्टीकरण तलब किया गया, वहीं फरीदपुर में गलत अंश निर्धारण के मामले में राजस्व निरीक्षक को निलंबित कर दिया गया और एसडीएम का तबादला कर दिया गया। नवाबगंज में भी अनुपस्थित अधिकारियों पर वेतन कटौती के निर्देश दिए गए। कुल मिलाकर समाधान दिवस पर शिकायतों के निस्तारण में ढिलाई बरतने वालों पर प्रशासन ने सख्त संदेश दिया।

**मीरगंज** शनिवार को तहसील सभागार में समाधान दिवस का कमिश्नर भूपेंद्र एस चौधरी ने करीब पौने दो बजे औचक निरीक्षण किया। कमिश्नर ने पहले अधिकारियों की उपस्थिति पंजिका का निरीक्षण किया। उन्होंने एक-एक कर सभी अधिकारियों की मौजूदगी का सत्यापन किया। इस दौरान उन्हें सहायक अभियंता, ग्रामीण अभियंत्रण सेवा , सहायक अभियंता/अवर अभियंता जल निगम सहायक अभियंता/ अवर अभियंता नलकूप , वनाधिकारी मीरगंज, और क्षेत्राधिकारी पुलिस अनुपस्थित रहे।जिसके चलते अपर जिलाधिकारी पूर्णिमा सिंह ने अनुपस्थित रहे अधिकारियों से तीन दिन स्पष्टीकरण मांगा है।

इसके बाद कमिश्नर ने समाधान दिवस में उपस्थित शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को सुना। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को शिकायतों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

समाधान दिवस में 32 शिकायते प्राप्त हुई।जिसमें चार का मौके पर निस्तारण किया गया।



मीरगंज में जनसमस्याएं सुनते कमिश्नर एडीएम ई, एसडीएम आदि। ● अमृत विचार



फरीदपुर में फरियादियों की समस्याएं सुनते डीएम अविनाश सिंह। ● अमृत विचार

### नवाबगंज में ईओ समेत पांच अफसर रहे गायब, कटेगा वेतन

**नवाबगंज अमृत विचार** :नवाबगंज में शनिवार को आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में लापरवाही पर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया। अपर जिलाधिकारी न्यायिक देश दीपक ने उपस्थिति रजिस्टर जांचा जिसमें नगरपालिका परिषद के ई ओ सहित पांच अधिकारी अनुपस्थित मिले। इस पर नाराजगी जताते हुए सभी से जवाब तलब कर एक दिन का वेतन काटने के निर्देश एसडीएम उदित पवार को दिए गए। कार्यक्रम में 51 शिकायतें दर्ज हुईं, जिनमें से 5 के निस्तारण किया गया। लावाखेड़ा बद्री प्रसाद की दुर्गा देवी ने गाटा 304 की तुदाबंदी का आदेश होने के बाद भी कार्रवाई नहीं हुई। शिकायत के बावजूद 15 दिन बीतने पर भी अमल न होने से विपक्षी निर्माण की तैयारी में हैं

अहमदाबाद निवासी इन्द्रवती ने आरोप लगाया है कि खेत कटी गेहूं की फसल 20 दिन से पड़ी है, लेकिन पड़ोसियों द्वारा चकमार्ग जोतकर व पेड़ लगाकर रास्ता बंद कर देने से फसल नहीं निकल पा रही है।समाधान दिवस में एसडीएम उदित पवार, सीओ नीलेश मिश्रा, बीडीओ महेश चंद शाक्य और एआरओ प्रदीप तिवारी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### गलत अंश निर्धारण करने पर राजस्व निरीक्षक सस्पेंड, एसडीएम मल्लिका भी हटाईं

**बरेली,/ फरीदपुर अमृत विचार** : डीएम अविनाश सिंह ने शनिवार को तहसील फरीदपुर में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में गलत अंश निर्धारण की शिकायत मिलने पर बड़ी कार्रवाई की है। उन्होंने संबंधित राजस्व निरीक्षक ताहिर अली को सस्पेंड कर दिया। इसके साथ ही एसडीएम मल्लिका नैन को भी फरीदपुर से हटा दिया। उनकी जगह राम जनम यादव को एसडीएम फरीदपुर बनाया है। तहसील फरीदपुर के सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम शिकायतें सुन रहे थे। इसी दौरान खानपुर गांव निवासी शिकायतकर्ता किशन लाल गंगवार ने गलत अंश निर्धारण की शिकायत की, जिस पर डीएम ने राजस्व निरीक्षक को बुलाकर जानकारी की गयी तो वह संतोषजनक जवाब नहीं दे सका, जिस पर डीएम ने उसकी भूमिका संदिग्ध मानते हुए गलत अंश निर्धारण करने पर तत्काल प्रभाव से उसे निलंबित कर दिया। डीएम ने तहसील दिवस से आने के बाद शाम को पीसीएस मल्लिका नैन को अपर उप जिलाधिकारी सदर पद पर तैनाती करते हुए पीसीएस राम जनम यादव को एसडीएम फरीदपुर बना दिया। राम जनम यादव अभी तक अपर उप जिलाधिकारी सदर का कार्य देख रहे थे। मल्लिका नैन लंबे समय से फरीदपुर एसडीएम पद पर तैनात थीं, पिछले दिनों वकीलों और पेशकार के बीच हुए विवाद में वकीलों ने एसडीएम के विरुद्ध मोर्चा खोलते हुए मल्लिका नैन को हटाने के लिए पोस्टर तक तहसील में चस्पा कर दिए थे। हालांकि, उस विवाद में पेशकार को मीरगंज भेज दिया था। फरीदपुर तहसील से संबंधित कई अन्य मामले जिलाधिकारी पहुंच रहे थे।

इस दौरान एडीएम प्रशासन पूर्णिमा सिंह,एसडीएम आलोक कुमार, तहसीलदार न्यायिक सुरभि रॉय, बीडीओ आनन्द विजय यादव, एडीओ समाज कल्याण आसिम अली, सहित अधिकारी मौजूद रहे।

### आंवला में 43 में से चार का मौके पर निस्तारण

**आंवला, अमृत विचार** : संपूर्ण समाधान दिवस में 43 शिकायतें आईं इनमें से चार का ही मौके पर निस्तारण हो पाया। एसडीएम विदुषी सिंह ने बताया कि ज्यादातर मामले बंटवारे को लेकर थे। वह सिविल कोर्ट का मामला है। भूमि सीमांकन के मामले आए जिनमे लोग चाहते हैं उनकी सुविधा के अनुसार सीमांकन हो जाए जबकि नियम है कि काश्तकार की सहमति जरुरी है। एसडीएम ने बताया कि अहमद गैस सर्विस की सेवाएं पूरी तरह स्थगित कर दी गई हैं । वहां के उपभोक्ताओं को वीएमआर गैस एजेंसी बदायूं रोड और जंगबाजपूर पर ट्रांसफर किया गया है ।उपभोक्ता कनेक्शन की जानकारी लेकर गैस ले सकते हैं ।

### बहेड़ी में 62 में 11 शिकायतों का हल

**बहेड़ी,अमृत विचार** :समाधान दिवस में किसानों के मुद्दे छाए रहे। अस्पताल में डॉक्टरों की कमी और मरीज़ों की सुविधाओं का अभाव होने का मामला भी उठा। आवारा पशुओं से नुकसान होने का मुद्दा भी उठाया गया ।शनिवार को कुल 62 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें 11 का मौके पर निस्तारण हो गया। भाकियू ने गाँवों में जल शक्ति मिशन के तहत डाली गई पाइप लाइनों से गाँवों में सड़कों के टूटने और गड्ढे होने का मामला उठाते हुए उनको सही कराने की मांग उठाई।

### हाईवे पर चलती कार बनी आग का गोला अफरा-तफरी

**फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार** : फतेहगंज पश्चिमी के गांव बल्लिया के पास नेशनल हाईवे पर शनिवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब संभल से बरेली आ रही एक कार अचानक आग का गोला बन गई। घटना फतेहगंज पश्चिमी थाना क्षेत्र के बल्लिया ओवर ब्रिज के पास की है, जहां बीच सड़क पर लगी आग ने राहगीरों को दहशत में डाल दिया। जलती कार को देख हाईवे पर वाहनों की चाल थम गई।

जानकारी के मुताबिक, कार में सवार नदीम असगर अपने गंतव्य की ओर जा रहे थे। सफर के दौरान अचानक गाड़ी से धुआं उठता दिखा और देखते ही देखते आग भड़क उठी। स्थिति को भांपते हुए चालक ने तुरंत वाहन रोककर बाहर निकलकर अपनी जान बचाई। कुछ ही क्षणों में पूरी कार लपटों में घिर गई।

घटना की सूचना मिलते ही मीरगंज से फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि तब तक कार पूरी तरह जलकर खाक हो चुकी थी।

परसाखेड़ा प्रभारी के बंसल ने बताया कि एक कार में आग लगने की सूचना मिलने पर तत्काल टीम को मौके के लिए रवाना किया गया। दमकल टीम ने समय रहते कार्रवाई करते हुए आग पर काबू पा लिया।

## परशुराम चौक के लिए विरोध, समझौता

संवाददाता आंवला,

**अमृत विचार** : नगर के बेहटा चौराहा पर परशुराम चौक निर्माण को लेकर रविवार से पहले माहौल गर्मा गया, जब भूमि पूजन की तैयारी के बीच ग्रामीणों ने जोरदार विरोध दर्ज कराया। ब्राह्मण समाज द्वारा 19 अप्रैल को शोभा यात्रा और भूमि पूजन की अनुमति लेने के बाद जैसे ही जेसीबी से खुदाई शुरू हुई, स्थानीय ग्रामीणों ने इसे रोक दिया।

गांव के सूरजपाल, गौरव पाल, लल्ला बाबू, रवि मौर्य, अशोक मौर्य समेत कई लोगों ने आरोप लगाया कि प्रस्तावित स्थल पर सड़क केवल 15-15 फीट चौड़ी है। ऐसे में 12 फीट का चौक बनने से सड़क संकरी हो जाएगी और यह स्थान हादसों का केंद्र बन सकता है। ग्रामीणों ने चौक को सुरक्षित स्थान पर बनाए जाने की मांग को लेकर तहरीर भी दी।



कोतवाली में परशुराम चौक निर्माण को लेकर हुए विवाद के बाद वार्ता करते लोग।

विरोध बढ़ता देख प्रभारी निरीक्षक बीनू चौधरी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति संभाली। वहीं, एसडीएम विदुषी सिंह के निर्देश पर लेखपाल राहुल ने स्थल का निरीक्षण किया। ब्राह्मण समाज ने अपनी तरफ से दावा किया कि मौके पर करीब 80 फीट जगह उपलब्ध है।

काफी देर तक चली बातचीत और प्रशासन की मध्यस्थता के बाद आखिरकार दोनों पक्षों में सहमति बन गई।

लल्ला बाबू, रवि मौर्य, अशोक मौर्य सहित प्रथम पक्ष और नितिन शर्मा, आशीष पाठक, अवनीश तिवारी समेत द्वितीय पक्ष ने लिखित समझौता देते हुए कहा कि अब कोई विवाद शेष नहीं है। पुलिस ने तय रूट पर शोभा यात्रा की अनुमति देते हुए दोनों पक्षों से शांति बनाए रखने की अपील की।

## शादी से 15 दिन पहले दूल्हे का इंकार, 6 पर केस दर्ज

संवाददाता क्योलड़िया,

- लड़की के पिता ने रिश्तेदारों में बांट दिये थे शादी के कार्ड

**अमृत विचार** : भोजीपुरा थाना क्षेत्र के वीरपुर भकरुका गांव में एक तयशुदा शादी अचानक टूटने से खुशियां मातम में बदल गईं। लड़की के पिता मोर पाल ने बताया कि उनकी बेटी वंदना का रिश्ता क्योलाडिया क्षेत्र के चंदपुर ख्यालीराम निवासी प्रेम सिंह से 8 अगस्त 2025 को तय हुआ था। 25 अगस्त को टीका रस्म पूरी होने के बाद 21 अप्रैल की शादी की तारीख निश्चित थी। परिवार ने तैयारियां पूरी कर ली थीं और निमंत्रण कार्ड भी रिश्तेदारों में बांट दिए गए थे।

आरोप है कि शादी से करीब 15 दिन पहले प्रेम सिंह और उसके परिजनों ने अचानक शादी से इंकार कर दिया। 31 मार्च को लड़की पक्ष ने समझाने की कोशिश की, लेकिन बात नहीं बनी। 2 अप्रैल को प्रेम सिंह ने फोन कर साफ मना करते हुए धमकी दी। इसके बाद 8 अप्रैल को दोबारा कॉल कर लड़की व उसके परिवार को जान से मारने की धमकी देने का आरोप है।

पीड़ित पक्ष का कहना है कि 16 अप्रैल को क्योलाडिया थाने जाते समय नदी के बांध के पास आरोपियों ने उन्हें घेर लिया और गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी। किसी तरह जान बचाकर वे वहां से निकले। घटना से लड़की मानसिक तनाव में है। मोर पाल की तहरीर पर पुलिस ने प्रेम सिंह समेत छह लोगों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और आरोपियों की तलाश में जुटी है।

## मंदबुद्धि युवती से दुष्कर्म, आरोपी दबोचा

**मीरगंज, अमृत विचार**: थाना क्षेत्र के एक गांव में मंदबुद्धि युवती के साथ दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने नामित आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

8 अप्रैल को पीड़िता की मां की तहरीर पर सतीश पुत्र फतेह सिंह और वीरपाल पुत्र होरीलाल, के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने नल नगरिया अड्डे से आरोपी सतीश को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह मजदूरी करता है और शराब पीने का आदी है। घटना वाले दिन वह पीड़िता के खेत पर गेहूं थ्रेसिंग के लिए गया था, लेकिन जमीन में नमी होने के कारण काम नहीं हो सका। लौटते समय रास्ते में उसे पीड़िता मिली, युवती के मंदबुद्धि होने का उसने फायदा उठाया।जिसके बाद उसने उसके साथ गलत कृत्य किया। अन्य आरोपी की तलाश भी जारी है।

## मां ने शराब पीने से डांटा तो फंदे पर झूल गया बेटा

संवाददाता क्योलड़िया,

- क्योलड़िया निवासी विक्रम शराब पीने का आदी हो गया था
- गन्ना बुवाई के बाद घर पहुंचने पर मां से हुआ था विवाद

**अमृत विचार** : मां ने अपने बेटे को शराब पीने से मना किया तो युवक नशे में धुत होकर घर से निकल गया सुबह ग्रामीणों ने उसका शव पेड पर लटके देखा। प्लास्टिक की रस्सी का फंदा बनाकर युवक ने आत्महत्या कर ली थी। प्रधान पति ने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।



मृतक विक्रम ।

थाना क्षेत्र के गांव सिठौरा के टेकचंद का 17 वर्षीय बेटा विक्रम शुक्रवार शाम को गन्ना बुवाई के बाद घर पहुंचा। वह शराब के नशे में था। इस पर उसकी मां से विवाद हो गया और वह गुस्से में गांव के बाहर राम मूर्ति लाल के खेत में खड़े आम के पेड़ पर रस्सी के फंदा बनाकर उसे पर लटक गया। सुबह जब ग्रामीणों ने उसका शव लटका देखा तो ग्राम प्रधान को सूचना दी। ग्राम प्रधान पति तुलाराम वर्मा की सूचना पर मौके पर पहुची पुलिस ने शव को पेड़ से उतार कर कब्जे में ले लिया। मृतक के पिता टेक चंद्र बाहर मजदूरी करते हैं। मृतक दो भाई है। मृतक की माता संगीता देवी का रो-रो कर बुरा हाल है।

## बाबा साहब की भव्य शोभा यात्रा का हुआ स्वागत

**आंवला, अमृत विचार** : भारत रत्न भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर नगर में शोभा यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। शुभारंभ मोहल्ला बिलायतगंज से हुआ, जो नगर के प्रमुख मार्गों पक्का कटरा, स्टेट बैंक चौराहा, भूमि विकास बैंक, गंज और अलीगंज बस अड्डा होते हुए पुनः बिलायतगंज पहुंचकर संपन्न हुई। इस दौरान विभिन्न स्थानों पर शोभा यात्रा का स्वागत किया गया। जगह-जगह पुष्प वर्षा की ।कमेटी के पदाधिकारी अरबिंद पेंटर ने कहा कि बाबा साहेब अंबेडकर सर्व समाज के महान व्यक्तित्व थे।



आंवला में शोभायात्रा निकालते समर्थक। ● अमृत विचार

### क्रय केन्द्र पर नहीं मिले प्रभारी, कार्रवाई के निर्देश

**मीरगंज, अमृत विचार**: गेहूं खरीद व्यवस्था को पारदर्शी, सुचारु और किसान हितैषी बनाने के उद्देश्य से शनिवार को एडीएम (प्रशासन) पूर्णिमा सिंह ने एसडीएम आलोक कुमार के साथ मीरगंज के सरकारी गेहूं क्रय केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकांश केंद्रों की व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं, लेकिन एक केंद्र पर प्रभारी के अनुपस्थित मिलने पर एडीएम ने कड़ी नाराजगी जताते हुए तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए।

निरीक्षण में खरीद प्रक्रिया, किसानों के पंजीकरण, तौल व्यवस्था, अभिलेखों के रखरखाव और भुगतान प्रणाली की गहन समीक्षा की गई।

### फतेहगंज में दुकान में घुसकर महिला से मारपीट

**फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार** : युवक ने दुकान में घुसकर महिला से गाली गलौज कर मारपीट कर दी ।विरोध करने पर पति को भी मारपीट कर घायल कर दिया ।महिला की शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

इलाके के एक गांव की महिला ने बताया शुक्रवार को वह घर में मौजूद अपनी दुकान पर बैठी थी ।अचानक गांव का युवक अमर सिंह आया और उनके साथ गाली-गलौच करने लगा। मजदूरी करके लौटे पति को पूरी बात बताई। जिस पर पति ने जब युवक और उसके परिजनों से शिकायत की तो उसको भी मारपीट कर घायल कर दिया। तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## बिना अनुमति आंबेडकर प्रतिमा स्थापित करने पर थाने में धरना

संवाददाता भुता,

**अमृत विचार** : दस दिनों पूर्व ग्राम मिर्जापुर में रात्रि के समय बिना प्रशासनिक अनुमति डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा लगाये जाने के बाद ,आंबेडकर जयंती वाले दिन गांव के ही एक युवक ने सोशल मीडिया पर ब्राह्मण समाज पर अभद्र टिप्पणी प्रसारित कर दी। इससे ब्राह्मण समाज व ग्रामीण भड़क गये। शनिवार को ब्राह्मण समाज ने विरोध करते हुए बिना प्रशासनिक अनुमति के लगायी प्रतिमा को हटाये जाने को लेकर थाना परिसर में धरना प्रदर्शन कर ज्ञापन दिया। थाना क्षेत्र के ग्राम मिर्जापुर में 8 अप्रैल की रात बिना प्रशासनिक अनुमति के डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थापित कर दी गयी थी। तब किसी ने शिकायत नहीं की इससे मामला शांत रहा लेकिन अंबेडकर जयंती पर गांव निवासी संजू पुत्र सोमवीर द्वारा ब्राह्मण समाज को लेकर की गयी आपत्तिजनक टिप्पणी के बाद विवाद गहराता चला गया है ।



भुता थाने में प्रदर्शन करते ब्राह्मण समाज के लोग। ● अमृत विचार

शनिवार को बड़ी संख्या में ब्राह्मण समाज व विश्व हिंदू राष्ट्र सेवा प्रांत के मंडल अध्यक्ष विजय गौरव सनातनी, राजेश पाराशरी, सोनू शर्मा, अशोक शर्मा, सत्यम गोड़ ,प्रांशु पाठक, वीरेंद्र गंगवार, उमेश सिंह ,निशांत सिन्हा आदि तमाम लोग थाने पहुंचे और धरना कर प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जताते हुए अंबेडकर प्रतिमा हटाने की मांग को लेकर एक शिकायती ज्ञापन थाना क्राइम इंस्पेक्टर योगेंद्र कुमार को सौंपा। उनका कहना था कि प्रतिमा बिना प्रशासनिक अनुमति अवैध रूप से स्थापित की गई है और अभद्र टिप्पणी को लेकर गांव समाज में तनाव का माहौल बना हुआ है। थाना प्रभारी रविंद्र कुमार कहना है कि बिना अनुमति प्रतिमा स्थापित करने वालों के खिलाफ जांच पड़ताल कर चिन्हित किया जा रहा है।

## नरियावल प्रकरण में बिथरी बीडीओ का ट्रांसफर

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार** : जिले के विकास खंडों में शनिवार को हुए बड़े प्रशासनिक फेरबदल में बिथरी चैनपुर के खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) कौशल कुमार गुप्ता का तबादला भदपुर कर दिया गया गया है। इसे नकटिया में गोवंश शिफ्टिंग के दौरान हुई एक गाय की मौत से जोड़कर देखा जा रहा है। लापरवाही उजागर होने पर उन्हें पद से हटाने से महज एक दिन पहले प्रतिकूल प्रवृष्टि भी जारी की गई थी। इस फेरबदल में सुखपाल सिंह से भुता ब्लॉक का अतिरिक्त प्रभार वापस ले लिया है, जिसे लेकर चर्चाएं तेज हैं। अब उनके पास केवल क्यारा ब्लॉक की जिम्मेदारी रहेगी। भुता का नया प्रभार अपर जिला सहकारी अधिकारी अर्जुन कुमार को दिया गया है।

जिलाधिकारी के अनुमोदन के बाद जिला विकास अधिकारी दिनेश यादव ने आदेश जारी कर कई अन्य बीडीओ की की तैनाती में भी बदलाव किया है। इसमें आशीष पाल को भोजीपुरा से फतेहगंज पश्चिमी भेजा गया है, साथ ही वह बिथरीचैनपुर का अतिरिक्त प्रभार संभालेंगे। आनन्द विजय यादव को मीरगंज से शेरगढ़, जबकि राम शंकर सिंह अब भदपुरा से मीरगंज में अपनी सेवाएं देंगे। वहीं, शिरीष वर्मा को बहेड़ी से भोजीपुरा की कमान सौंपी गई है। अन्य विभागों के अधिकारियों को भी ब्लॉक की जिम्मेदारी से जोड़ा गया है। जिला उद्यान अधिकारी जितेन्द्र कुमार को फरीदपुर और सुनील कुमार को मझगवां से हटाकर दमखोदा का अतिरिक्त प्रभार सौंपा है। इसके इलावा भगवान दास को फरीदपुर से हटाकर मझगवां में नवीन तैनाती दी गई है और उन्हें रामनगर का अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा गया है। सभी संबंधित अधिकारियों को तत्काल नए तैनाती स्थल पर प्रभार ग्रहण करने को कहा गया है ।

## बहेड़ी के युवक की राजस्थान में नदी में डूबकर मौत

**बहेड़ी अमृत विचार** : परिवार पालने को पैसा कमाने के लिए राजस्थान गए एक युवक की नदी में डूबकर मौत हो गई। 20 वर्षीय यह युवक नदी में नहाने गया था। युवक का शव गांव पहुंचा, तो गांव में मातम का माहौल हो गया। मृतक के घर पर तो कोहराम मच गया।

गांव पचपेड़ा के जमील का 20 वर्षीय बेटा फैज़ान राजस्थान के बारा ज़िले में फर्नीचर का काम करने अपने भाई ज़ीशान के साथ राजस्थान गया था। शुक्रवार को अपने दो दोस्तों के साथ नदी पर नहाने गया था। नदी में कुछ देर नहाने के बाद वह गहराई भांप नहीं पाया और आगे बढ़ गया। इससे वह पानी में डूब गया। उसके साथी भी उस समय कुछ समझ नहीं पाएं। पुलिस ने नदी से उसकी लाश बरामद कर पोस्टमार्टम कराया।

फैज़ान का शव आज यहाँ उसके घर पहुंचा, तो घर में कोहराम मच गया। गांव वाले भी उसकी मौत से गमगीन हैं।

## एक साल जेल से बाहर नहीं आ सकेगा तस्कर अकरम

**बरेली, अमृत विचार**: मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ पुलिस ने कुख्यात तस्कर अकरम पर बड़ी कार्रवाई की है। पिट एनडीपीएस एक्ट के तहत उसकी निरोधक अवधि एक वर्ष के लिए बढ़ा दी गई है, जिससे अब उसकी जल्द रिहाई की संभावना खत्म हो गई है।

2 जुलाई 2025 को इज्जतनगर पुलिस ने अकरम को उसके पांच साथियों आसिफ, हारुन, जावेद, राशिद और आदेश तिवारी के साथ गिरफ्तार किया था। पुलिस ने इनके कब्जे से 3 किलो 526 ग्राम स्मैक बरामद की थी, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब सात करोड़ रुपये आंकी थी। कार्रवाई के दौरान 1.46 लाख रुपये नकद, सात मोबाइल व स्मैक तैयार करने के उपकरण बरामद हुए थे। एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर अकरम को जेल भेज दिया गया था, जहां वह तभी से निरुद्ध है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार अकरम का आपराधिक इतिहास पुराना है। वह लंबे समय से मादक पदार्थ तस्करी में सक्रिय रहा है। वर्ष 2018 में ऊधम सिंह नगर पुलिस ने उसे 252 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया था।

- पिट एनडीपीएस के तहत बड़ी कार्रवाई, ड्रग माफिया पर शिकंजा

### तस्कर ने स्वीकारी स्मैक बेचने की बात

जुलाई 2024 में फतेहगंज पश्चिमी पुलिस ने पंकज नामक आरोपी से 211 ग्राम स्मैक बरामद की थी। पूछताछ में पंकज ने यह स्मैक अकरम से खरीदने की बात स्वीकार की थी। मामले में आरोप पत्र दाखिल हो चुका है। फरवरी 2025 से न्यायालय में सुनवाई जारी है।

आरोपी तस्कर के खिलाफ पिट एनडीपीएस के तहत कार्रवाई हुई है। इससे वह एक साल तक जेल से बाहर नहीं आ सकेगा। और भी तस्करों के खिलाफ जल्द कार्रवाई की जाएगी।

**– अनुराग आर्य**, एसएसपी

